आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के स्थापना दिवस पर उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा – विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम है द्वीप समूह।
2. स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ मछुआरों की संरक्षा पर भी जोर, उपराज्यपाल ने कैंसर जांच के दो चिकित्सा वाहन किए रवाना, मगरमच्छ के हमलों से बचाव के लिए बांटे सुरक्षा उपकरण।
3. मायाबंदर के नागरिकों को समस्याओं के समाधान का मिलेगा अवसर, जिला कार्यालय में कल लगेगा जन सुविधा शिविर।
4. शहीद द्वीप में विशेष राजस्व शिविर अदालत का आयोजन, लंबे समय से लंबित मामलों के त्वरित निपटारे और जन शिकायतों के समाधान पर प्रशासन का जोर।

<><><><><><><><>

अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के स्थापना दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपसमूह के सभी निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उपराज्यपाल ने कहा कि मिनी इंडिया के नाम से पहचाने जाने वाले अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और भाषाओं के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते हैं। यह द्वीपसमूह राष्ट्रीय एकता और अखंडता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सेल्युलर जेल देश के स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और सर्वोच्च त्याग का प्रतीक है। वहीं, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की गौरवशाली विरासत ने भी इन द्वीपों के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व को और बढ़ाया है। उपराज्यपाल डॉ. शर्मा ने कहा कि असाधारण प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध जैव विविधता और अपार संभावनाओं से संपन्न ये द्वीप बुनियादी ढांचे, संपर्क सुविधाओं, पर्यटन और जनकल्याण के क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने सभी द्वीपवासियों से शांति, समृद्धि और सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का आह्वान किया। उपराज्यपाल डॉ. दिनेशशर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि एकता, देशभक्ति और दृढ़ संकल्प की भावना से सभी मिलकर

अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह को प्रगतिशील, समृद्ध और सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ाएंगे तथा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

<><><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आज द्वीपसमूह का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजधानी श्री विजयपुरम स्थित टैगोर कॉलेज के सभागार में सुबह दस बजे से विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवाओं को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुँचाने और कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो चलती चिकित्सा वाहन इकाइयां शुरू की गई हैं। उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल एक कार्यक्रम में इन दोनों चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन और आश्रय फाउंडेशन की संयुक्त योजना के तहत शुरू की गई है। इन वाहनों में चिकित्सकों, चिकित्सा सहायकों और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई है, ताकि द्वीपों के नागरिकों को कैंसर की जांच सहित जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कार्यक्रम के दौरान मछुआरा समुदाय के लोगों को सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए गए। इसका उद्देश्य मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और मनुष्य तथा मगरमच्छ के बीच होने वाली घटनाओं के जोखिम को कम करना है। यह स्वास्थ्य जागरूकता और जांच अभियान अगले तीन वर्षों तक निरन्तर चलाया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद विष्णु पद रे, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक आर. नटराजन, दक्षिण अंडमान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित लोक निवास में कल भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने लोक निवास के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। सभी ने देश

की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान और देश के एकीकरण में उनकी निर्णायक भूमिका को भी याद किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद श्री विजयपुरम के कन्नड़ संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से लोक निवास में मुलाकात की। इस दौरान संघ की ओर से सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए उपराज्यपाल राहत कोष के लिए एक लाख रुपये का चेक भेंट किया गया। उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कन्नड़ संघ के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का सहयोग जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से संसदीय राजभाषा समिति के तीसरे उपसमिति के संयोजक और सांसद श्रीरंग अप्पा बारणे ने लोक निवास में मुलाकात की। इस अवसर पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार की संसदीय राजभाषा समिति के सदस्य सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बालकर, सांसद संजय सेठ और सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

<><><><><><><>

मायाबंदर में आम जनता की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कल जन सुविधा शिविर आयोजित किया जाएगा। उपराज्यपाल के शिकायत निवारण दिवस के तहत प्रत्येक महीने की पहली तारीख को आम लोगों की शिकायतों, समस्याओं और सेवा संबंधी आवेदनों का समयबद्ध तथा प्रभावी निपटारा करने का प्रस्ताव रखा गया है। सहायक आयुक्त की ओर से कल सुबह ग्यारह बजे मायाबंदर जिला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जन सुविधा शिविर लगाया जाएगा। प्रशासन ने मायाबंदर तहसील के सभी पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों से इस शिविर का व्यापक प्रचार–प्रसार करने का अनुरोध किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल के निर्देशों के अनुरूप दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने कल शहीद द्वीप में विशेष राजस्व शिविर अदालत का आयोजन किया। इसका उद्देश्य लंबे समय से लंबित राजस्व मामलों का शीघ्र निपटारा करना, मामलों की लंबित संख्या कम करना और आम जनता को समय पर सरकारी

सेवाएं उपलब्ध कराना था। यह शिविर नील केंद्र ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता दक्षिण अंडमान की सहायक आयुक्त ने की। शिविर में श्री विजयपुरम के तहसीलदार भी शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों और पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की ओर से उठाई गई शिकायतों पर भी सुनवाई की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कल अंडमान तथा निकोबार प्रशासन के सचिवालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, भारतीय प्रशासनिक सेवा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

वहीं, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से कल जिला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में भी राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण अंडमान की उपायुक्त पूर्वा गर्ग ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

चेन्नई से रवाना हुए यात्री जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के कल सुबह नौ बजे तक राजधानी श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है। जहाज में कुल 320 यात्री सवार हैं। जहाज हैड्डो जेट्टी पर लगेगी। इसके बाद एम.वी. स्वराज द्वीप चार नवंबर को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। जहाज में अतिरिक्त सामान तीन नवंबर को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक चढ़ाया जाएगा। यात्रियों के जहाज पर सवार होने की प्रक्रिया चार नवंबर को सुबह सात बजे से नौ बजे तक चलेगी।

<><><><><><><>